i`lkj Hkkjrh
Hkkjrh; i`lkj.k fuxe
vkdk'kok.kh dsUæ f'keyk

29-05-2026@iknsf'kd lekpkj@!5"00#$s

i`LBk;r pquko

प्रदेश में कल 30 मई को पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे व अंतिम चरण के लिए मतदान होगा। मतदान के लिए चुनाव आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और दोपहर बाद 3 बजे तक चलेगा। मतदान के तुरंत बाद पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान और सरपंचों के लिए पड़े वोटों की गिनती होगी जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए हुए मतदान की गिनती 31 मई को होगी। 31 मई को ही प्रदेश के चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के लिए हुए चुनाव की मतगणना भी होगी। पंचायतीराज संस्थाओं के तीसरे चरण के चुनाव के लिए कल एक हजार एक सौ 87 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। इस बीच कल होने वाले अंतिम चरण के चुनाव के लिए आज उम्मीदवारों ने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में घर–घर जाकर वोट मांगे।

'(kku) lk*kk+dkj

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि पेपर लीक की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसा नहीं होना चाहिए था। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुनर्परीक्षा प्रक्रिया उचित और व्यवस्थित तरीके से बिना किसी त्रुटि के संपन्न की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सभी से सहयोग की अपील भी की।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने छात्रों को आश्वासन दिया कि सरकार उनकी चिंताओं को समझती है। उन्होंने गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जोर देते हुए परीक्षा प्रणाली में निष्पक्षता बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी जताई।

ih,e l·;. /kj

भारत ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत अब तक 40 लाख मकानों की छत पर सौर पैनल लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना सिर्फ

नवीकरणीय ऊर्जा की पहल नहीं है, बल्कि यह नागरिकों को बिजली उपभोक्ता से बिजली उत्पादक बना रही है। इस योजना से परिवारों को बिजली के खर्च में कमी लाने, सरकारी सब्सिडी का लाभ उठाने और शून्य बिजली बिल की ओर बढ़ने में मदद मिल रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा से चलने वाले हर घर के साथ देश ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण स्थिरता और आत्मनिर्भर विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

eknd n0;

चम्बा जिले में नशे व नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। नशीली दवाओं, मादक द्रव्यों की रोकथाम और उनकी धरपकड़ के लिए प्रशासन ने आवश्यक कदम उठाए हैं। वहीं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने–अपने कार्यक्षेत्र में, विशेष रूप से स्कूलों और कॉलेजों में चिट्टा व अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाएं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे चंबा ज़िला संवाददाता....

ekle

प्रदेश के निचले व मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। ऊना में कल अधिकतम तापमान 43 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। संबंधित ज़िला प्रशासन ने अत्यधिक गर्मी के चलते एडवाइज़री जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने और स्वास्थ्य सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी है। इस बीच मौसम विभाग ने आज कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर ज़िलो में कुछ स्थानों पर वर्षा, ओलावृष्टि और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जबकि चंबा, कांगड़ा और सोलन ज़िले में कहीं–कहीं वर्षा व अंधड़ का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर सहित जनजातीय ज़िले लाहौल–स्पिति और किन्नौर में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।

———————————————————————————————————————